दिन– मंगलवार दिनांक– 03 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच दुबई और अबू धाबी से भारत के लिए उड़ाने फिर से शुरू। इंडिगो आज जेद्दा से भारत के लिए दस विशेष राहत उड़ाने संचालित करेगा।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करेंगे। आर्थिक विकास को बनाये रखने और मजबूत करने पर होगी चर्चा।

03. राज्य सरकार ने कहा– सरकारी अस्पतालों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जल्द ही मरीजों को होमियोपैथिक और आयुर्वेदिक दवाएं भी मिलेंगी।

04. और, होली को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के किये गये हैं व्यापक प्रबंध। अनुमंडल और जिला स्तर पर क्विक रिस्पांस टीमों की तैनाती।

---

पश्चिम एशिया में संघर्ष और तेज हो गया है। ईरान और इस्राएल–अमरीकी बलों ने नए मिसाइल और ड्रोन हमले शुरू किए हैं। ईरान समर्थित मिलिशियाओं ने संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और बहरीन सहित खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस्राएल और अमेरिका ने तेहरान में दर्जनों ठिकानों पर हमला किया, जिनमें ईरानी सैन्य और खुफिया ठिकाने शामिल हैं। वहीं, इस्राएल ने आज लेबनान की राजधानी बेरूत में बड़े हमले किए। इस्राएल रक्षा बल ने दावा किया है कि फ़िलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के कमांडर अबू हमज़ा रामी को बेरूत में मार गिराया गया है। एक अन्य हमले में, इस्राएली बलों ने बेरूत में हिज़्बुल्लाह के खुफिया मुख्यालय के प्रमुख हुसैन मकलद को भी मार गिराने का दावा किया है।

---

दुबई और अबू धाबी से भारत के लिए उड़ानें कल रात से फिर शुरू हो गईं। पश्चिम एशिया क्षेत्र में जारी तनाव के कारण दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु के लिए उड़ानें कई दिनों से बंद थी। दुबई मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि दुबई हवाई अड्डों ने कल शाम सीमित उड़ानें फिर से शुरू होने की पुष्टि की है, जिसमें दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और दुबई वर्ल्ड सेंट्रल – अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से कुछ ही उड़ानों को संचालित करने की अनुमति दी गई है। इस बीच, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि फंसे हुए यात्रियों की वापसी के लिए इंडिगो एयरलाइन ने आज जेद्दा से भारत के लिए दस विशेष राहत उड़ानें संचालित करने की योजना

बनाई है। ये उड़ानें आवश्यक स्वीकृतियों और मौजूदा हवाई क्षेत्र की स्थितियों के अधीन संचालित की जाएंगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इंडिगो यात्रियों की सुविधा के लिए जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ समन्वय कर रही है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट के बाद आयोजित होने वाले वेबिनार को संबोधित करेंगे, जिसका विषय है आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि इस वेबिनार में औद्योगिक विस्तार, तकनीकी क्षेत्र में महारत हासिल करने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों की नींव को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे दूरदर्शी सुधारों पर चर्चा की जाएगी।

———————————————————————————

नेपाल में पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव के कारण कल मध्यरात्रि से भारत नेपाल सीमा सील कर दी गयी है। सीमा पांच मार्च की मध्य रात्रि तक सील रहेगी। सीमा पर तैनात एसएसबी और नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल ने आपसी समन्वय बढ़ा दिया है। चप्पे–चप्पे पर गश्त की जा रही है। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी के जरिए भी निगरानी की जा रही है।

———————————————————————————

राज्य के सरकारी अस्पतालों में जल्द ही मरीजों को होमियोपैथिक और आयुर्वेदिक दवाएं भी मिलेंगी। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बिहार स्वास्थ्य सेवाएं आधारभूत संरचना निगम को सौंपी गयी है। प्रदेश के दो सौ चौरानवे आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी होमियोपैथिक और आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण किया जायेगा।

———————————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने पश्चिम चम्पारण में तैनात बिहार शिक्षा परियोजना के सहायक अभियंता रोशन कुमार को पांच लाख रूपये और एक स्मार्ट वाच रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी एक संवेदक के बिल को पास कराने के एवज में घूस ले रहा था।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो ने इस वर्ष अट्ठाईस लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह संख्या वर्ष दो हजार पच्चीस की समान अवधि की तुलना में चार गुना अधिक है। ब्यूरो के महानिदेशक जितेन्द्र सिंह गंगवार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

———————————————————————————

सेना भर्ती कार्यालय, गया के तत्वावधान में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया मैदान में पांच मार्च से बीस मार्च तक बिहार और झारखंड के शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जायेगा। इस भर्ती रैली में बिहार के ग्यारह जिलों अरवल, औरंगाबाद, गया, जमुई, रोहतास, जहानाबाद, कैमूर, लखीसराय, नालंदा, नवादा और शेखपुरा के शॉर्टलिस्ट किए गए पुरुष अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं, बिहार और झारखंड के सभी जिलों की शॉर्टलिस्ट महिला उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर महिला सेना पुलिस भर्ती का आयोजन सत्रह मार्च को किया जाएगा।

———————————————————————————————

प्रदेशभर में होली के त्योहार को लेकर उत्सव का माहौल है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि होलिका दहन का कार्यक्रम देर रात सम्पन्न हुआ। लोगों ने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। रंगोत्सव कल मनाया जायेगा। होली को लेकर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के बाजारों में रौनक देखी जा रही है। जगह—जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। रंगों का त्योहार होली बिहार के हर अंचल में अनोखे और परंपरागत अंदाज में मनाया जाता है। सहरसा से हमारी संवाददाता ने बताया कि वनगांव का प्रसिद्ध तीन दिवसीय होली महोत्सव कल से शुरू हो गया है।

———बाईट———

मिथिला के सहरसा के बनगांव की घुमौर होली ब्रज की तरह प्रसिद्ध है। इसे राजकीय मान्यता प्राप्त है। भगवती स्थान के चारों तरफ घूम घूम कर होली खेलने के कारण इसे घुमौर होली कहा जाता है। होली के इस स्वरूप की शुरूआत प्रसिद्ध संत लक्ष्मीनाथ गोंसाई ने की थी। होली की शुरूआत पारंपरिक धुलेंडी यानि धुरखेल से होती है, जिसमें ग्रामीण टोलियों से निकल कर मृदंग और झांझ की थाप पर फगुआ गाते हुये पूरे गांव का भ्रमण करते हैं। वनगांव की होली का मुख्य आकर्षण मूर का आयोजन है। इसमें गांव के विभिन्न टोलों से हजारों क संख्या में लोग एक स्थान पर एकत्रित होते हैं और एक दूसरे को रंग—अबीर लगाकर पारस्परिक सौहार्द का संदेश देते हैं। विद्यापति के पदों और फाग गीतों पर युवाओं की टोली आधुनिकता के बीच भी अपनी जड़ों और परंपराओं को जीवंत रखने का प्रमाण पेश करती है। आपसी सद्भाव और लोक संस्कृति का यह संगम बताता है कि परंपराएं ही किसी समाज की असली पहचान होती है।

आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी।

———————————————————————————————

होली के मौके पर शांति —व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दाराद ने बताया कि जिला और अनुमंडल स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम, क्यूआरटी की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

———बाईट———

श्री दाराद ने बताया कि होली के दौरान अश्लील गानों और तेज आवाज में डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने वालों और उन्माद फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि जगह–जगह सुरक्षा बल फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। इधर, होली को लेकर स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया है। सभी सरकारी अस्पतालों में कल इमरजेंसी सेवा जारी रहेगी। अस्पतालों में बेड भी सुरक्षित रखे गये हैं। जगह–जगह एम्बुलेंस की भी तैनाती की जायेगी। वहीं, किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन दस्ते को भी अलर्ट पर रखा गया है।

————————————————————————————

होली के अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि होली असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, भाईचारा और सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि रंग, उमंग, प्रेम और सद्भाव का पर्व होली हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने लोगों से आपसी सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की है। इधर, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कामना की है कि होली का त्योहार लोगों के जीवन में नई ऊर्जा, सुख–समृद्धि और सफलता का रंग भरेगी।

————————————————————————————

रेलवे ने होली के त्योहार पर यात्रियों को सुगम और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। पिछले पांच दिनों में, दिल्ली क्षेत्र से लगभग चौदह लाख यात्रियों ने यात्रा की। वही प्रमुख स्टेशनों पर आज बाईस विशेष ट्रेनें चलाने की योजना है। यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए, इस महीने की अठारह तारीख तक विभिन्न रेलवे जोन में विशेष ट्रेनों के एक हजार दो सौ चौवालीस फेरों की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को कंफर्म सीटें मिल रही हैं और नियमित ट्रेनों में भीड़ कम दिखाई दे रही है।

————————————————————————————

वर्ष दो हजार छब्बीस का पहला और अंतिम चन्द्र ग्रहण आज लग रहा है। ग्रहण शाम पांच बजकर पचास मिनट से शुरू होकर छह बजकर छियालीस मिनट पर समाप्त होगा। बिहार समेत उत्तर–पूर्वी राज्यों में चन्द्र ग्रहण स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

————————————————————————————

मधेपुरा जिले के चौसा पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या एक में छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में एक दारोगा

समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गये। मामले में पुलिस ने चार दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर चौदह लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– हमले तेज, ईरान में तबाही, सऊदी को नुकसान।

हिन्दुस्तान लिखता है– युद्ध क्षेत्र में फंसे भारतीयों की आज से वापसी।

दैनिक जागरण ने लिखा है– ईपीएफ पर इस बार भी आठ दशमलव दो पांच प्रतिशत ब्याज।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– उन्नीस हजार किलोमीटर सड़कों की सूरत संवरेगी, सात साल तक मेंटेन रहेगी।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– भारत–कनाडा दो हजार तीस तक व्यापार पचास अरब डॉलर तक ले जायेंगे।

आज अखबार ने लिखा है– होली पर डीजे और अश्लील गानों पर रोक।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच दुबई और अब ूधाबी से भारत के लिए उड़ाने फिर से शुरू। इंडिगो आज जेद्दा से भारत के लिए दस विशेष राहत उड़ाने संचालित करेगा।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करेंगे। आर्थिक विकास को बनाये रखने और मजबूत करने पर होगी चर्चा।

03. राज्य सरकार ने कहा– सरकारी अस्पतालों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जल्द ही मरीजों को होमियोपैथिक और आयुर्वेदिक दवाएं भी मिलेंगी।

04. और, होली को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के किये गये हैं व्यापक प्रबंध। अनुमंडल और जिला स्तर पर क्विक रिस्पांस टीमों की तैनाती।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।